# हर युग में चुनौतियों का सामना स्वदेशी की ताकत से किया

## राज्य स्तरीय स्वदेशी जनजागरण सप्ताह के शुभारंभ सत्र को सीएम डॉ. मोहन यादव ने किया संबोधित

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 25 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वदेशी की ताकत से ही हमारी संस्कृति, हजारों हजार साल से अपने गौरव-गरिमा और समृद्धता के साथ विद्यमान है.**



हर युग और हर काल में आई चुनौतियों का हमने स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की ताकत से ही सामना किया है. महात्मा गांधी ने स्वदेशी के बल पर ही देश को आजादी दिलाई थी. उन्होंने ने जन-जन को विदेशी वस्तुओं को त्यागने और विदेशी वस्त्रों की होली जलाने के लिए प्रेरित किया. अपनी माटी, अपने देश और स्वदेशी व्यवस्था के प्रति हम सबके मन में सम्मान होना चाहिए. महात्मा गांधी और पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों में बहुत समानता थी. महात्मा गांधी और पं. दीनदयाल उपाध्याय भारतीय संस्कृति की लंबी विचार प्रक्रिया के संवाहक हैं. दोनों का ही विचार था कि स्वावलंबन और स्वदेशी के बीज से ही आत्मनिर्भरता का वटवृक्ष बनेगा और भारत, विश्व की प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित होगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय की जंयती के अवसर पर मप्र जन-अभियान परिषद और स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में रवीन्द्र भवन में आयोजित राज्य स्तरीय स्वदेशी जागरण सप्ताह के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माँ भारती, महात्मा गांधी और पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण किया. इस अवसर पर गायत्री परिवार, ब्रह्म कुमारी संगठन, पंतजलि समूह और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने स्वदेशी के प्रति अपनी प्रतिबद्धिता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव को स्वदेशी संकल्प समर्थन-पत्र सौंपे. कार्यक्रम में स्वदेशी पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया.

**मानस भवन से रैली में शामिल हुए सीएम:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्वदेशी जागरण सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर निकाली गई रैली में मानस भवन से पैदल मार्च करते हुए शामिल हुए. रैली के माध्यम से उद्योग जगत, व्यापारी बन्धुओं, दुकानदारों, विक्रेताओं, छात्र-छात्राओं और समस्त समाज के सदस्यों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित किया गया.

### जल्दबाजी किसी भी वर्ग के लिए ठीक नहीं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस के मित्रों को ओबीसी आरक्षण के मामले में किसी भी तरह की जल्दबाजी नहीं करने की सलाह दी है. उन्होंने कहा कि हम सब साथ है और इसका लाभ कोर्ट के सामने एकजुटता से ही मिल सकता है. जल्दबाजी करेंगे तो ओबीसी वर्ग के लिये भी नुकसानदायक रहेगा. ये किसी भी वर्ग के लिये ठीक नहीं है. यह बात उन्होंने गुरुवार को मीडिया से चर्चा के दौरान कही. उन्होंने कहा कि अब 8 अक्टूबर से सुप्रीम कोर्ट में डेली हियरिंग होगी. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सर्वदलीय बैठक की है और कोर्ट के सामने दस्तावेज भी रखे हैं. हम सभी पक्षों के बीच सहमति है, जो 13 प्रतिशत पद होल्ड है, उसे अनहोल्ड किया जाये. हम पीएम मोदी की सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना पर चलते हैं. प्रदेश में एससी, एसटी, ओबीसी और सामान्य वर्ग को जो आरक्षण तय किया गया है, उसका लाभ सभी पक्षों को मिले. हम उसी भाव पर चल रहे हैं. 15 हजार से ज्यादा पेजों के दस्तावेज फाइल हुए हैं. तो प्रतिवादी ने अध्ययन के लिये थोड़ा समय मांगा है, सुप्रीम कोर्ट 8 अक्टूबर से सुनवाई करेगा.

# स्वास्थ्य सप्लायर पर छापे को लेकर कांग्रेस ने साधा निशाना

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 25 सितंबर. भोपाल और इंदौर में साइंस हाउस मेडिकल प्रा. लि. पर आयकर विभाग की छापेमारी को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर कड़ा हमला बोला है.**



कांग्रेस प्रवक्ता प्रवीण धौलपुरे ने आरोप लगाया कि यह कम्पनी वर्षों से अस्पतालों और स्वास्थ्य विभाग को मशीनें व सेवाएं उपलब्ध कराती रही, लेकिन असल में मरीजों का इलाज करने के बजाय सरकारी खजाने को चट कर रही थी. उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी और जीएसटी गड़बड़ियों ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि कहीं स्वास्थ्य विभाग में इलाज के नाम पर हेराफेरी तो नहीं हो रही थी. धौलपुरे ने दावा किया कि भाजपा संरक्षण में यह कम्पनी पिछले तीन दशकों से फल-फूल रही है और भ्रष्टाचार को आयुष्मान भारत योजना के तहत वीआईपी ट्रीटमेंट मिल रहा है. उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल द्वारा मामले की जांच के आदेश दिए जाने के बाद कांग्रेस ने मांग की कि पूरी रिपोर्ट सार्वजनिक हो और जिम्मेदार अधिकारियों व भाजपा संरक्षकों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाए.

## एक नजर में

### लोकायुक्त ने सीएमएचओ ऑफिस से जब्त किए रिकॉर्ड

उमरिया, 25 सितंबर. मप्र के उमरिया जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) कार्यालय से रीवा लोकायुक्त पुलिस टीम ने बुधवार को खनिज मद से खरीदी संबंधित रिकार्ड को जब्त किया है. लोकायुक्त पुलिस के सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि जिले के स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्ष 2016-17 में खनिज मद की राशि से बिना खरीदी के लाखों रुपए आहरित करने की लोकायुक्त को शिकायत प्राप्त होने पर मामला दर्ज कर गहन जांच के दौरान कार्यालय के दस्तावेज जप्त करने की कार्यवाही की गई है. जिला स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वी एस चंदेल ने बताया कि मामला पुराना है. लोकायुक्त टीम ने अचानक यहां पर पहुंच कर, जो भी रिकार्ड और फाइलें मांगी है, वह उन्हें उपलब्ध करा दी गई है.

### श्रीवास्तव ने डीआईजी का पदभार संभाला

भोपाल, 25 सितंबर. भारतीय पुलिस सेवा के 2009 बैच के अधिकारी मुकेश कुमार श्रीवास्तव ने आज मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग, भोपाल में पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) का पदभार ग्रहण किया. श्रीवास्तव इससे पूर्व बालाघाट में पुलिस उप महानिरीक्षक के पद पर पदस्थ थे. स्थानांतरण आदेश के बाद उन्होंने आज 25 सितंबर 2025 को भोपाल स्थित मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग में कार्यभार संभाला.

### सीवर लाइन की सफाई के दौरान एक की मौत

सतना, 25 सितंबर. मध्यप्रदेश के सतना जिले में आज सीवर लाइन की सफाई के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई. कोलगवां पुलिस सूत्रों के अनुसार कृपालपुर में दोपहर को सीवर लाइन की सफाई का काम चल रहा था. दोपहर एक बजे के करीब तीन सफाई कर्मियों को चैंबर में उतारा गया, लेकिन कुछ मिनटों के भीतर तीनों अचेत हो गये. आनन फानन में तीनों को चैंबर से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक एक सफाई कर्मी अमित कुमार की मौत हो गई. अन्य दोनों की हालत भी चिंताजनक बनी हुई है. तीनों को लगभग पंद्रह फिट गहरे चैंबर में उतारा गया था.

# 2,000 विशेषज्ञ डॉक्टर्स की होगी भर्ती : उप मुख्यमंत्री

## 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान' के स्वास्थ्य शिविर का किया शुभारंभ

**भोपाल, 25 सितंबर. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रधानमंत्री के जन्मदिवस से प्रारंभ किए सेवा पखवाड़ा एवं स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत सीहोर जिले के बिलकिसगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया.**



इस अवसर पर उन्होंने शिविर में दी जा रही चिकित्सा सेवाओं और रक्तदान शिविर का अवलोकन किया तथा रक्तदान करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित भी किया. अस्पताल के निरीक्षण के दौरान शुक्ल ने चिकित्सकों से योजनाओं और गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की और प्रबंधन एवं संचालन को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए. उन्होंने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मरीजों को पोषण टोकरी भी वितरित की.

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश और प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का लगातार विस्तार और सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है.

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि अभियान 2 अक्टूबर तक चल रहा है. इसके अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, विभिन्न प्रकार के कैंसर, एनीमिया और सिकल सेल रोग जैसी गंभीर बीमारियों की जांच और उपचार की व्यवस्था की जा रही है. उन्होंने कहा कि जिन स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी है, वहां दूर करने के लिए 2,000 विशेषज्ञ डॉक्टर्स की भर्ती की जाएगी. साथ ही टेलीमेडिसिन प्रणाली को बढ़ावा दिया जा रहा है.

# झाबुआ में रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए जिला आपूर्ति अधिकारी

**झाबुआ, 25 सितंबर. मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले में लोकायुक्त पुलिस ने एक जिला आपूर्ति अधिकारी और सहायक सेल्समैन को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है.**

लोकायुक्त पुलिस के सूत्रों ने बताया कि जिला आपूर्ति अधिकारी आशीष आजाद और सहायक सेल्समैन जितेंद्र नायक को एक शासकीय उचित मूल्य की दुकान के निलंबन को हटाने के मामले में लोकायुक्त पुलिस ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है. उन्होंने बताया कि आवेदक डॉ. भीमराव अंबेडकर बहुउद्देशीय सहकारी साख संस्था मर्यादित पिटोल बड़ी जिला झाबुआ में सेल्समैन के पद पर कार्यरत था. उसकी शासकीय उचित मूल्य की दुकान को बिना किसी सूचना के निलंबित कर दिया गया था और उसे करूणा स्वयं सहायता नेगड़िया की शासकीय उचित मूल्य की दुकान में संलग्न कर दिया गया था. इस बार आवेदक अपनी दुकान के निलंबन के संबंध में चर्चा करने कलेक्टर कार्यालय झाबुआ स्थित खाद्य विभाग के कार्यालय पहुंचा जहां उसकी मुलाकात सहायक सेल्समैन जितेंद्र नायक से हुई. नायक ने आवेदक से कहा वह उसकी दुकान का निलंबन हटवा सकता है और एफआईआर नहीं होने देगा, लेकिन इसके लिए आवेदक को जिला आपूर्ति अधिकारी आशीष आजाद को कुछ खर्चा-पानी देना होगा.

# पार्षद पुत्र की दबंगई, गाड़ी पर प्लेट और हूटर

**भोपाल.** एक बार फिर वीआईपी कल्चर का मामला सामने आया है. वार्ड क्रमांक 67 की भाजपा पार्षद ममता विश्वकर्मा के पुत्र पर आरोप है कि उन्होंने अपनी निजी कार इनोवा क्रिस्टा (एमपी 04 सीटी 1269) पर पार्षद, नगर निगम भोपाल की प्लेट लगाई है और गाड़ी में हूटर भी फिट कर रखा है. यह तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें युवक गाड़ी के सामने खड़ा दिखाई दे रहा है. इससे राजधानी में प्रशासन की सख्ती पर सवाल खड़े हो गए हैं. सुप्रीम कोर्ट और केंद्र सरकार ने वर्ष 2017 में साफ आदेश दिए थे कि किसी भी जनप्रतिनिधि या उनके परिजन को हूटर और बीकन का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं है.



# महाकाल के दरबार में पहुंचे अभिनेता संजय दत्त

**उज्जैन, 25 सितंबर. फिल्म अभिनेता संजय दत्त गुरुवार को विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल की भस्म आरती में शामिल हुए. यहां उन्होंने नंदी हाल में बैठकर बाबा महाकाल की भस्म आरती देखी और उसके साथ ही भगवान की भक्ति में भी लीन नजर आए.**

इस दौरान कभी संजय दत्त हाथ जोड़कर बाबा महाकाल का ध्यान करते दिखाई दिए तो कभी तालियां बजाकर भक्ति करते देखे गए. महाकालेश्वर मंदिर के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने बताया संजय दत्त बाबा महाकाल के दर्शन करने मंदिर पहुंचे. उन्होंने भगवा रंग का धोती कुर्ता पहना था. मंदिर में आते ही वो पूर्ण सादगी के साथ माथे पर जय महाकाल का तिलक लगाकर भस्म आरती में शामिल हुए. नंदी हॉल में बैठकर संजय दत्त ने बाबा महाकाल की भस्म आरती देखी. भस्म आरती में बाबा महाकाल के निराकार से साकार स्वरूप को देखकर अभीभूत हो गए. संजय दत्त को पिछली बार टाइगर श्रॉफ की फिल्म बागी 4 में देखा गया था, जिसमें वह जबरदस्त एक्शन करते नजर आए. हालांकि, उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी. संजय जल्द ही फिल्म धुरंधर में नजर आएंगे, जिसके हीरो रणवीर सिंह हैं.

### ई-रिक्शा और बस की टक्कर में दो की मौत

**आगर-मालवा, 25 सितंबर.** मप्र में उज्जैन-झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 552-जी पर आगर-मालवा जिले में बीती रात एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई. सुसनेर थाना क्षेत्र के ग्राम खैराना जोड़ पर ई-रिक्शा और निजी यात्री कल्पना बस की आमने-सामने टक्कर हो गई. हादसे में ई-रिक्शा चालक कमल गोस्वामी निवासी सत्यनारायण गली सुसनेर और जगदीश राठौर निवासी ग्राम बामनियाखेड़ी की मौत हो गई.

# पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर पौधरोपण

**भोपाल, 25 सितम्बर. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद तथा उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधायक भगवानदास सबनानी के साथ गुरुवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती अवसर पर पौधरोपण किया.**



यह कार्यक्रम दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र स्थित नमो उपवन (भदभदा सेतु, ज्यूडिशियल अकादमी के पास) पर 'बगिया माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया. इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह रावत, महापौर मालती राय, जिला प्रभारी महेन्द्र यादव, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यती, मंडल अध्यक्ष हेमंत बड़गैया, जोन अध्यक्ष एवं पार्षद आरती राजू अनेजा, राजकुमारी शर्मा, सुमन वर्मा, लीलेन्द्र मारण, राकेश जैन, प्रमोद पोलघंटलवार, विकास शर्मा, विकास गौतम मौजूद रहे.

**पर्यावरण संरक्षण का संदेश :** पौधरोपण कार्यक्रम के माध्यम से नेताओं ने संदेश दिया कि पर्यावरण संरक्षण, हरित क्रांति और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता ही दीनदयाल उपाध्याय जी की विचारधारा को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम है.

# रेलवे कार्यालयों में स्वच्छता के लिए विशेष अभियान 5 .0 की तैयारी

**भोपाल, 25 सितम्बर. भारत सरकार द्वारा विशेष अभियान 5.0 शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता को बढ़ावा देना और लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करना है.**

यह अभियान आधिकारिक रूप से 2 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ होगा, जबकि 15 सितम्बर से इसकी प्रारंभिक गतिविधियाँ आरंभ हो चुकी हैं. इस राष्ट्रीय पहल के अनुरूप रेल मंत्रालय ने पूरे भारतीय रेल नेटवर्क पर अभियान को पूरी तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ लागू करने की तैयारी कर ली है. कई रेलवे स्टेशनों और मंत्रालय कार्यालयों में स्वच्छता अभियान पहले से ही जारी है. रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ सहित वरिष्ठ अधिकारी नियमित समीक्षा बैठकों के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से इसकी निगरानी कर रहे हैं. विशेष ध्यान वाले क्षेत्र अभियान के दौरान भारतीय रेलवे ने निम्न प्रमुख बिंदुओं पर जोर देने की योजना बनाई है. जन सामान्य की भागीदारी बढ़ाने के लिए रेलवे स्टेशनों पर 'रेल चौपाल' और 105 अमृत भारत स्टेशनों पर 'अमृत संवाद' जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. रेल मंत्रालय का लक्ष्य है कि यह विशेष अभियान केवल प्रतीकात्मक न होकर सार्थक और मापनीय परिणाम प्रदान करे. स्वच्छता को संस्थागत रूप देने के लिए मंत्रालय ने सभी इकाइयों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं.

# जीएसटी 'जश्न' पर पटवारी का भाजपा पर हमला

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 25 सितंबर. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने गुरुवार को भोपाल के न्यू मार्केट में व्यापारियों से मुलाकात की.**



यह कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित किया गया था. पटवारी ने जीएसटी सुधारों को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला. आरोप लगाया कि भाजपा सरकार बचत का नहीं बल्कि लूट और झूठ का युग मना रही है. कांग्रेस हमेशा एकल, सरल और पारदर्शी 18 प्रतिशत जीएसटी दर के पक्ष में रही है, जबकि भाजपा ने 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की जटिल मल्टी-स्लैब संरचना थोप दी. इससे आम जनता और व्यापारिक वर्ग को भारी नुकसान उठाना पड़ा है. उन्होंने आगे कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस लगातार केंद्र सरकार पर दबाव बनाती रही है कि जीएसटी को सरल और कम किया जाए ताकि नागरिकों और व्यापारियों को राहत मिल सके. पटवारी ने यह भी मांग की कि सरकार वर्षों से अनुचित रूप से वसूली गई अतिरिक्त राशि वापस लौटाए. कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, विधायक आतिफ अकील, पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा, प्रदेश महासचिव संजीव सक्सेना, ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनोखी मन सिंह पटेल, प्रवीण धौलपुरे, शेरयार खान, विक्रांत चौधरी, राहुल राज, विवेक त्रिपाठी, विराज यादव सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे.

### किसानों से धोखा कर रही है भाजपा

**भोपाल.** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने देवास जिले के ग्राम टोकखुर्द में नवरात्रि के अवसर पर आयोजित चुनरी यात्रा में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला. इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी, ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे. पटवारी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने किसानों और महिलाओं दोनों से वादाखिलाफी की है. उन्होंने कहा कि किसानों से सोयाबीन का समर्थन मूल्य 6,000 और गेहूं 2,700 देने का वादा किया गया था, लेकिन अब तक यह लाभ किसानों को नहीं मिला. इसी तरह, 'लाड़ली बहना' योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 3,000 देने का वादा किया गया था, लेकिन सरकार केवल 1,250 ही दे रही है. शेष 1,800 की चोरी की जा रही है. मुख्यमंत्री मोहन यादव को चुनौती देते हुए पटवारी ने कहा कि महिलाओं को उनका पूरा हक तुरंत दिया जाए, अन्यथा भाजपा सरकार के लिए कुर्सी बचाना मुश्किल हो जाएगा.

तैयारी

लोक निर्माण विभाग ने जारी किए आदेश

# पैच रिपेयर जांचेंगे दूसरे जिले के इंजीनियर

कन्हैया लोधी

**भोपाल, 25 सितंबर. प्रदेश में इस वर्ष भरपूर बारिश हुई है, इसका असर प्रदेश की सड़कों पर भी पड़ा है. सड़कें हों या फिर राजमार्ग, सभी की हालत बारिश ने खराब कर रही है.**

नतीजा अब सड़कों के पेंच रिपेयर की तैयारी की गई है. बारिश का दौर थमने वाला है और प्रदेश के कुछ हिस्सों से मानसून की विदाई भी होने लगी है. इस बीच अब लोक निर्माण विभाग ने भी प्रदेश की सड़कों के पेंच रिपेयर का बड़ा काम हाथ में लिया है, लेकिन पेंच रिपेयर केवल सड़कों में डामर की लेयर चिपका देने का रस्मी काम नहीं होगा.

विभाग ने पेंच रिपेयर के कामों की जांच के लिये नई व्यवस्था तय की है, जिसके तहत एक जिले के पेंच रिपेयर के कामों को जांचने का काम दूसरे जिले के इंजीनियर करेंगे. ताकि क्वालिटी से किसी तरह का समझौता नहीं हो.

लोक निर्माण विभाग ने गुरुवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिये हैं. ऐसा भी नहीं है कि विभाग पेंच रिपेयर की जांच के मामले में दूसरे जिले के इंजीनियरों पर भी आंख मुंदकर भरोसा कर लेगा, बल्कि पेंच रिपेयर की गई सड़कों का वीडियो और फोटोग्राफ भी विभाग के पोर्टल पर अपलोड करना जरुरी होगा. इससे पेंच रिपेयर के दावों की सच्चाई सामने आ सकेगी.

**सीई देंगे इंजीनियरों और ठेकेदारों को ट्रेनिंग:** विभाग ने गुरुवार को जो आदेश जारी किये हैं, उसमें सभी मुख्य अभियंताओं के लिये ये जरुरी किया गया है कि वे अपने- अपने परिक्षेत्र के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, उप यंत्री सहित मेंटनेंस के साथ ही परफार्मेंस गारंटी के तहत आने वाली सड़कों के ठेकेदारों को वीडियो-कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन ट्रेनिंग देंगे. यानी काम करने वाले और काम कराने वाले दोनों ही इसके लिये जिम्मेदार होंगे.

### डेमोस्ट्रेशन देने की जिम्मेदारी कार्यपालन यंत्री की

नई व्यवस्था के हिसाब से जिला स्तर पर कार्यपालन यंत्री मेंटनेंस या परफॉर्मेंस गारंटी के तहत आने वली सड़कों के ठेकेदारों की मौजूदगी में डेमोस्ट्रेशन देंगे. जिससे कि सभी स्टेक होल्डर को पता चल सके और कार्य की गुणवत्ता और मानक प्रक्रिया का पालन भी सुनिश्चित किया जा सके. यह भी तय किया गया है कि इन कामों की सीई लगातार मॉनीटरिंग करेंगे.

# बांधवगढ़ में 7 दिवसीय हाथी महोत्सव शुरू

**उमरिया, 25 सितंबर.** मध्यप्रदेश के उमरिया जिले स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सात दिनों तक चलने वाला हाथी महोत्सव शुरु हो गया. आधिकारिक जानकारी में बताया गया है कि कल से शुरु हुआ ये महोत्सव 30 सितंबर तक चलेगा. इस महोत्सव में बांधवगढ़ नेशनल पार्क में कार्यरत 15 हाथियों को शामिल किया गया है, जो टाइगर रिजर्व के 6 कैंपों में रहते हुए अपनी सेवाएं देते हैं. सूत्रों ने बताया कि वर्ष में एक बार सभी हाथियों को एकत्र कर उन्हें परिवार जैसा रहने का अवसर देने के साथ नहलाया और सजाने के साथ तरह तरह के फल-फूल और व्यंजन भोजन में परोसे जाते हैं। ये हाथियों का श्रेष्ठ रुचिकर भोजन होता है.

# मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री विजय विजयवर्गीय ने संस्कृति को लेकर नेता प्रतिपक्ष पर उठाए सवाल

**शाजापुर, 25 सितंबर. मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आज बिना किसी का नाम लिए 'प्रतिपक्ष के नेता' पर निशाना साधते हुए कहा कि पुराने जमाने के लोग अपनी बहन के गांव का पानी भी नहीं पीते थे और आज के प्रतिपक्ष के नेता अपनी बहन को चौराहों पर चुंबन करते हैं.**



संसदीय कार्य मंत्री विजयवर्गीय शाजापुर में सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान मंच पर मंत्री इंदर सिंह परमार और विधायक अरुण भीमावाद भी मौजूद थे.

उन्होंने कहा कि हम पुरानी संस्कृति के लोग हैं. हमारे पुराने लोग अपनी बहनों के घरों के गांवों का पानी तक भी नहीं पीते थे.

इसी क्रम में उन्होंने पुरानी संस्कृति से जुड़े लोगों के संदर्भ में कहा, अपनी बहन के गांव में पानी भी नहीं पीते थे. आज के हमारे प्रतिपक्ष के नेता ऐसे हैं, कि अपनी जवान बहन को बिल्कुल चौराहे पर चुंबन कर लेते हैं. विजयवर्गीय ने कहा कि ये संस्कारों का अभाव है.

ये संस्कार विदेश की संस्कृति के हैं, भारत चलेगा तो हमारे देश की संस्कृति और संस्कारों से चलेगा. समझा जा रहा है कि उन्होंने ये बयान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी के संदर्भ में दिया है.

दरअसल विजयगर्वीय अपने पिताजी के संदर्भ में बात कर रहे थे. इसी संदर्भ में उन्होंने कहा कि उनके पिताजी अपनी बहन के गांव जाते समय घर से पानी का लोटा लेकर जाते थे.